2-9-2019

करनाल केसरी

कार्यक्रम में डांस करती छात्राएं। (पंकज)

पूर्व छात्रा मिलन समारोह में पुरानी यादें की सांझा

करनाल, 1 सितम्बर (नरवाल): रेलवे रोड पर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में रविवार को पूर्व छात्रा मिलन समारोह का शानदार आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय की 250 पूर्व छात्राओं ने शिरकत की और अपने सहपाठियों एवं शिक्षकों के साथ पुरानी यादें सांझा की। प्राचार्या डा. अनुराधा पूनिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के सफल संयोजन के लिए संयोजिका डा. पूनम बागी और सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। मंच संचालन प्रो. नवीन बत्रा ने किया।

प्राचार्या ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की असली पूंजी पूर्व छात्र ही होते हैं। महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं में अर्चना वर्मा, प्रतिभा, पूनम पांचाल, डा. कावेरी चौहान, प्रीति राणा, रिया और मनीषा ने अपने व्यक्तिगत अनुभव और विचार सांझा किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा भारती ने कुमार विश्वास की रचना 'कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है' को गाकर छात्राओं का मन मोह लिया। वहीं रीना, हेमशिखा और शैलजा ने फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया और मानसी, सोनम, अनु, नेहा और पूजा ने नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी। पूर्व छात्राओं ने नई कार्यकारिणी का भी चुनाव किया जिसमें सर्वसम्मति से डा. कावेरी चौहान को प्रधान, पूनम पंचाल को उप प्रधान, प्रीति राणा को महासचिव, प्रतिभा को सह सचिव तथा ज्योत्सना एवं निशु को संयुक्त रूप से कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। कार्यक्रम के अंत में संयोजिका डा. पूनम बागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. रमेश कुमार, प्रो. उपेंद्र, राजेश सैनी, डा. अनिता जून, डा. विपिन कुमारी, गोपाल कृष्ण, प्रदीप कुमार, विन्नी मित्तल, एकता अरोड़ा, सिमरन कौर, एकता कंसल, विभा गुप्ता, अंकिता मान व हरप्रीत कौर आदि उपस्थित रहे।